# कार्यालय जिलाधिकारी, जौनपुर

## दिनांकः 16.05.2025 को जनपद में जल जीवन मिशन निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति व गुणवत्ता से सम्बन्धित सम्पन्न सम्पूर्ण समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।

दिनांकः 16.05.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अपरान्ह 5:30 बजे जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति व गुणवत्ता के सम्बन्ध में एक समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में निम्न की उपस्थिति रही–

1. मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर।
2. मुख्य राजस्व अधिकारी, जौनपुर।
3. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
4. तहसीलदार तहसील (मड़ियाहूँ), जौनपुर।
5. तहसीलदार, तहसील–मछलीशहर, जौनपुर।
6. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
7. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0, मेसर्स मेधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
8. श्री प्रवीण मोसाले / श्री शेख हुसैन बासा, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी)।
9. श्री कृपाशंकर सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर।

बैठक की कार्यवृत्ति का विवरण निम्नानुसार है–

**मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0), जौनपुर।**

1 अधोहस्ताक्षरी द्वारा सर्वप्रथम कवर एग्रीमेन्टवाइज जनपद में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी। मेसर्स वेलस्पन के प्रोजेक्ट मैनेजर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जानकारी प्राप्त की गयी कि कवर एग्रीमेन्टवाइज कार्य के आरम्भ की तिथि व कार्य समापन की तिथि क्या है एवं कार्य समापन की तिथि समाप्त हो जाने के बाद भी अब तक कार्य पूर्ण क्यों नहीं हो पाया। दिनांकः 28.03.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न बैठक में यह निर्देश दिये गये थे कि पर्याप्त मात्रा में मैनपॉवर बढ़ाकर युद्ध स्तर पर कार्य पूर्ण करायें, परन्तु फर्म द्वारा पर्याप्त मात्रा में मैनपॉवर अब तक न बढ़ाये जाने के कारण अपेक्षित प्रगति नहीं हो पायी जिसके कारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिया गया कि सम्बन्धित फर्म को LD (Liquidated damages) लगाकर संस्तुति करें। ओवर हेड टैंक को पूर्ण करने हेतु 15 जून, 2025 तक 50 नग व 30, जून 2025 तक 75 नग पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

2. अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह निर्देश दिये गये कि "हर घर जल" प्रमाणित की गयी पेयजल योजनाओं की सूची खण्ड विकास अधिकारियों को उपलब्ध करायी जायें एवं उन योजनाओं का भौतिक एवं वित्तीय कार्य पूर्ण करते हुए योजना का अन्तिम रूप से कार्य समाप्त करें।

| क्र. सं. | फर्म का नाम | पाईप लाइन (कि0मी0) | | एफ0एच0टी0सी0 (नग) | | सड़क पुर्नस्थापना (कि0मी0) | | सोलर कार्य (नग) | | अवर जलाशय (नग) | | पेयजल आपूर्ति (राजस्व ग्रामवार) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण |
| 1 | वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) | 7171 | 6507 | 196952 | 178860 | 1272 | 1224 | 355 | 217 | 355 | 79 | 884 | 203 |

Scanned with CamScanner

एवं कवर एग्रीमेन्टवार योजनाओं की औसत प्रगति निम्नानुसार है–

| Cover Aggrement SNo. | Completion date | DPR | Overall Progess in % |
|---|---|---|---|
| 1 | 31.12.2024 | 118 | 78.25 |
| 2 | 31.12.2024 | 30 | 76.81 |
| 3 | 31.12.2024 | 54 | 75.22 |
| 4 | 31.12.2024 | 3 | 79.91 |
| 5 | 31.12.2024 | 19 | 69.46 |
| 6 | 31.12.2024 | 72 | 68.66 |
| 7 | 31.12.2024 | 44 | 67.63 |
| 8 | 31.12.2024 | 10 | 65.66 |
| 9 | 31.12.2024 | 5 | 74.05 |
| | Total- | 355 | **72.85** |

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मेसर्स वेलस्पन, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, टी0पी0आई0)

3. मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।

मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्यो का कवर एग्रीमेन्टवाइज विस्तृत समीक्षा की गयी। दिनांकः 28.03.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न बैठक में यह निर्देश दिये गये थे कि पर्याप्त मात्रा में श्रमिकों को बढ़ाकर कार्य कराया जाये एवं ससमय परियोजनाओं को पूर्ण किया जाय, परन्तु फर्म द्वारा पर्याप्त मात्रा में मैनपॉवर न बढ़ाये जाने के कारण अपेक्षित प्रगति नहीं हो पायी जिसके कारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि फर्म को जून तक 150 नग ओवर हेड टैंक पूर्ण करने का लक्ष्य दिया जाये। उक्त के सम्बन्ध में कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा यह अवगत कराया गया कि भुगतान न होने के कारण कार्यो की अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है एवं लम्बित बिलों की सूची दिखायी गयी जिसके लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि कंपनी से यह लिखवा लिया जाय कि भुगतान न होने के कारण कार्यों की अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है एवं यह भी निर्देश दिया गया कि योजनावार लम्बित बिल का विवरण प्रस्तुत किया जाय।

4. अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि कंपनी का 65 नग योजना जिसमें 145 नग राजस्व ग्राम सम्मिलित है पूर्ण हो चुकी है, परन्तु वास्तविक रूप में केवल 03 नग योजना का शत्प्रतिशत कार्य पूर्ण है, इस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी, एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिया गया कि "हर घर जल" प्रमाणित योजनाओं का जून तक भौतिक रूप से शत्प्रतिशत कार्य पूर्ण कराकर वित्तीय प्रयोजन के अनुसार कार्य शत्प्रतिशत पूर्ण कर लें, एवं भौतिक रूप से पूर्ण तीनों योजनाओं के फाइनेन्शिएल क्लोजर भी कराना सुनिश्चित करें। मेसर्स एफकॉन्स के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि जिन योजनाओं पर कार्य पूर्ण होने हैं, उन पर प्राथमिकता पर कार्य पूर्ण करें एवं धन की उपलब्धता हेतु अधोहस्ताक्षरी को ओर से पत्राचार करें।

5. योजनाओं की विस्तृत समीक्षा के उपरान्त DWSM द्वारा यह निर्णय लिया गया कि "हर घर जल" प्रमाणित योजना को प्राथमिकता के आधार पर भौतिक व वित्तीय रूप से पूर्ण किया जाये, तभी धन की उपलब्धता करायी जायेगी, इसके लिए दोनों कंपनियों को (16+65) 81 नग योजना प्रत्येक दशा में जून, 2025 तक भौतिक व वित्तीय आधार पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। हर घर प्रमाणित योजनाओं की सूची सम्बन्धित बी0डी0ओ0 को सत्यापन हेतु उपलब्ध करा दी जाए।

Scanned with CamScanner

| क्र. सं. | फर्म का नाम | पाईप लाइन (कि0मी0) | | एफ0एच0टी0सी0 (नग) | | सड़क पुर्नस्थापना (कि0मी0) | | सोलर कार्य (नग) | | अवर जलाशय (नग) | | पेयजल आपूर्ति (राजस्व ग्रामवार) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण |
| 1 | एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर | 16793 | 13421 | 374005 | 324593 | 2056 | 1997 | 853 | 524 | 869 | 194 | 2253 | 481 |

एवं कवर एग्रीमेन्टवार योजनाओं की औसत प्रगति निम्नानुसार है–

| Cover Aggrement SNo. | Completion date | DPR | Overall Progess in % |
|---|---|---|---|
| 1 | 30.06.2024 | 60 | 78.89 |
| 2 | 30.06.2024 | 47 | 77.27 |
| 3 | 30.06.2024 | 53 | 71.57 |
| 4 | 30.06.2024 | 92 | 71.23 |
| 5 | 30.06.2024 | 129 | 71.52 |
| 6 | 30.06.2024 | 134 | 69.79 |
| 7 | 30.06.2024 | 81 | 60.20 |
| 8 | 30.06.2024 | 101 | 66.65 |
| 9 | 30.06.2024 | 85 | 65.53 |
| 10 | 30.06.2024 | 41 | 57.58 |
| 11 | 30.06.2024 | 47 | 58.07 |
| Total | | 870 | 68.03 |

6. दिनांकः 28.03.2025 को सम्पन्न बैठक में दोनों फर्मों को यह निर्देश दिये गये थे कि ओवर हेड टैंक की प्रगति चार्ट में 76 से 99 प्रतिशत पूर्ण ओवर हेड टैंक में से कम से कम 50 प्रतिशत ओवर हेड टैंक को 100 प्रतिशत की श्रेणी में लायें। इसी प्रकार 51% से 75% को 76% से 99% में एवं 26% से 50% को 51% से 75 प्रतिशत की श्रेणी में प्रगति लायें, परन्तु उक्त वर्णित क्रम में अपेक्षित प्रगति नहीं लायी जा सकी जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी।

| Name of Firm/ Agency | OHT Target | Progress 0 to 25% | Progress 26 to 50% | Progress 51 to 75% | Progress 76 to 99% | OHT Completed |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Welspun | 355 | 44 | 30 | 80 | 150 | 51 |
| Afcons | 869 | 52 | 125 | 240 | 309 | 143 |
| Total- | 1224 | 96 | 155 | 320 | 459 | 194 |

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मेसर्स एफकॉन्स डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, टी0पी0आई0, बी0डी0ओ0)**

7. जिन योजनाओं के निर्माण हेतु अभी तक भूमि उपलब्ध नहीं हो पायी है, उसके लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा मुख्य राजस्व अधिकारी व उप जिलाधिकारी एवं जिला समन्वयक को एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया है एवं यह भी निर्देश दिया गया कि जमीन न उपलब्ध होने की स्थिति में जमीन खरीदने हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजा जाये।

**(कार्यवाही मुख्य राजस्व अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मेसर्स एफकॉन्स, मेसर्स वेलस्पन, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0)**

8. अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता को यह भी निर्देशित किया गया कि यदि कोई Data Modification हेतु भारत सरकार को भेजा जाना आवश्यक है तो उसे बनाकर भेजा जाय।

Scanned with CamScanner

9. अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर को निर्देश दिया गया कि दोनों फर्मों से निर्धारित समय तक योजनाओं को पूर्ण करने हेतु कार्य योजना बनाकर प्राप्त कर लें एवं कार्य योजना के अनुरूप सम्यक् मानिटरिंग कर योजनाओं को पूर्ण करायें एवं भौतिक रूप से पूर्ण योजनाओं को वित्तीय रूप से भी पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

10. दिनांकः 28.03.2025 की बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया था कि समस्त जू0इं0 द्वारा अपने से सम्बन्धित जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों का निरीक्षण के उपरान्त 50–50 नग पेयजल योजनाओं का One Pager Progress Report फोटोग्राफ सहित तैयार कर बैठक के समय प्रस्तुत किये जाने थे, परन्तु प्रस्तुत नहीं किया गया जिस कारण नाराजगी व्यक्त की गयी एवं निर्देश दिया गया कि अगली बैठक में निरीक्षण रिपोर्ट अवश्य प्रस्तुत की जाय।

अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

(महेन्द्र राम)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
जौनपुर

(डा0 दिनेश चन्द्र)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
जौनपुर
22/05/2025

पत्रांकः 348/जल जीवन मिशन/82 दिनांकः 22/05/2025

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर।
3. मुख्य राजस्व अधिकारी, जौनपुर।
4. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
5. उपजिलाधिकारी, तहसील (सदर, केराकत, मड़ियाहूँ, मछलीशहर, बदलापुर, शाहगंज), जौनपुर।
6. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
7. टी0पी0आई0ए0 मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
8. मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर/मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी), जौनपुर।

जिलाधिकारी
जौनपुर 22/05/2025

Scanned with CamScanner